रोहतक में 500 एकड़ में बनेगा ‘फुटवियिर-लेदर’ क्लस्टर

चर्चा में क्यों?

18 जुलाई, 2022 को हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने एमएसएमई के अधिकारियों व फुटवियिर इंडस्ट्री एसोसिएशन के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में कहा कि राज्य के अधिक-से-अधिक युवाओं को रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार रोहतक में लगभग 500 एकड़ में ‘फुटवियिर-लेदर’ क्लस्टर बनाएगी।

प्रमुख बिंदु

- उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि रोहतक शहर के आस-पास के आईटीआई संस्थानों के विद्यार्थियों को फुटवियिर इंडस्ट्री से जोड़कर ट्रेनिंग भी दी जाएगी, ताकि लेदर इंडस्ट्री के उद्योगपतियों को स्थानीय स्तर पर ही कुशल युवा मिल सकें और युवाओं को उनके घर के नज़दीक रोज़गार हासिल हो सके।
- उप-मुख्यमंत्री ने फुटवियिर इंडस्ट्री एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में उद्योगपतियों को काफी सहूलियतें दे रही है, ताकि उनको अपना उद्योग चलाने में कोई परेशानी न हो, इससे स्थानीय युवाओं को भी रोज़गार के अवसर मिल सकेंगे।
- रोहतक में बनने वाले ‘फुटवियिर-लेदर’ क्लस्टर में उद्योगपतियों को हर प्रकार से मदद की जाएगी। करीब दो दर्जन उद्योगों के चालू होते ही वहाँ पर एक साल में कॉमन सर्विस सेंटर बना दिया जाएगा, जिससे उद्योगपतियों को अपने कार्य में आसानी हो सकेगी।
- उन्होंने बताया कि राज्य में ‘लेदर-इंडस्ट्री’ के उद्योगपतियों की मदद के लिये लेदर से संबंधित एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी बनाया जाएगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों की मांग पर दुष्यंत चौटाला ने ‘फुटवियिर-लेदर’ क्लस्टर के पास ही लेबर हॉस्टल बनाने का आश्वासन भी दिया, ताकि वहाँ काम करने वाले मज़दूरों को रहने व इंडस्ट्री तक आने-जाने में परेशानी न हो।
- उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में जहाँ प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल हुआ है, वहीं वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी ‘स्टेट ईज ऑफ डूईंग बिज़िनेस’ के पाँचवें संस्करण में हरियाणा को टॉप अचीवर्स कैटेगरी में स्थान मिला है।
- हरियाणा सरकार की उद्योगों को अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने की प्रतिबद्धता के कारण ही हरियाणा की ईज़ ऑफ डूईंग बिज़िनेस, ईज़ ऑफ लॉजिस्टिक्स और एक्सपोर्ट रेडीनेस में उत्कृष्ट रैंकिंग आई है। इसके अतिरिक्त, निर्यात तैयारी सूचकांक (भूमिबंद श्रेणी)-2021 में राज्य को पहला तथा ‘लॉजिस्टिक्स ईज़ एक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स सर्वे-2021’ में दूसरा स्थान मिला है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-footwear-leather-cluster